Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नैज में आई.ई.आई. (इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स) आई.ई.आई. स्टूडेन्ट चेपटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 08/12/2023 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नैज में आई.ई.आई. इंजीनियर्स ग्रुप का शुभारम्भ संस्थान के कुलसचिव डा0 बी0डी0के0 पात्रों द्वारा विद्या की देवी मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर संस्थान के कुलसचिव महोदय द्वारा बताया गया इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), आई ई आई, भारत में इंजीनियरों के लिए एक राष्ट्रीय संगठन है। यह दुनिया की सबसे बड़ी बहु–विषयक इंजीनियरिंग पेशेवर सोसायटी है। इसके 15 इंजीनियरिंग विषयों में दस लाख से अधिक सदस्य हैं। संस्था की स्थापना 1920 में कोलकाता , पश्चिम बंगाल में हुई थी , और 1935 में रॉयल चार्टर द्वारा शामिल किया गया था । वर्तमान में इसका मुख्यालय 8 गोखले रोड, कोलकाता में है। आई ई आई की स्थापना 1920 में मद्रास में हुई थी, जिसके संस्थापक अध्यक्ष सर थॉमस आरजे वार्ड थे। इसका औपचारिक उद्घाटन 1921 में ब्रिटिश भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड द्वारा किया गया था। 19 दिसंबर 1930 को, तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने कलकत्ता में 8 गोखले रोड पर आईएसआई की इमारत की नींव रखी। संगठन 1 जनवरी 1932 को भवन में स्थानांतरित हुआ। आई ई आई में संस्थान के निम्न छात्रों द्वारा मेंबरशिप हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया उक्त छात्रों का विवरण निम्नवत है, वैभव शुक्ला सुमित आदित्य अर्चित अभिषेक गुंजन शशि जया पांडे आदि।

इस कार्यक्रम में कुलसचिव डा0 बी0डी0के0 पात्रों डा0 रवीश सिंह राजपूत, डा0 विवेक श्रीवास्तव, शशांक यादव, अभिषेक बाजपेयी, नवीन तिबारी, डा0 अनुराग शुक्ला, शिम्पी सिंह जादौन, अरस्तु गौतम, रिषभ कश्यप, दीपक सिंह एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज